**शॉपिंग ट्रेंड** • काम में फंसे हों तो बोलकर करवाएं जरूरी खरीदारी

# एजेंटिक कॉमर्सः शॉपिंग में बेस्ट डील सर्च, पेमेंट सब एआई असिस्टेंट करेगा

**बिजनेस संवाददाता** | नई दिल्ली

खरीदारी के तरीके बदल रहे हैं। टेक्नोलॉजी ने शॉपिंग को तेज और आसान बना दिया है। अधिकांश लोगों को बाजार जाकर पसंद का सामान खोजने, मोलभाव करने और खरीदने के बजाय ई-कॉमर्स पर ऑर्डर करना आसान लगता है। ई-कॉमर्स से भी एक कदम आगे अब एजेंटिक कॉमर्स डेवलप हो रहा है। मान लीजिए कि शाम को आप किसी काम में फंसे हैं और याद आया कि दूध, फल और ब्रेड खत्म हो गए हैं। अब कोई एप खोलने, सर्च करने या कूपन लगाने की जरूरत नहीं होगी। बस एआई असिस्टेंट से कहिए। कुछ ही सेकंड में ऑर्डर हो जाएगा और पेमेंट भी हो जाएगा। एजेंटिक कॉमर्स में एआई यही कारता है।

## भारत में प्रायोगिक शुरुआत, एनपीसीआई का साथ

टाटा समर्थित एक डिजिटल कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ ओपनएआई, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन (एनसीपीआई) और रेजरपे ने मिलकर देश में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। अब यूजर्स चैटजीपीटी जैसे एआई एजेंट को अपनी जरूरत बताकर, ऑर्डर प्लेस कर सकते हैं और यूपीआई के जरिए सुरक्षित भुगतान भी कर सकते हैं। यूजर द्वारा निर्धारित रकम पहले किसी विशिष्ट ट्रेडर, जैसे बिगबास्केट, के लिए ब्लॉक की जाती है। खरीदारी की रकम पहले से ब्लॉक की गई राशि से डेबिट कर ली जाती है।



## आपको करना कुछ नहीं, बस एआई से कहना है

**समय की बचत-** अब हर बार एप खोलकर सर्च एंड टू कार्ट या कूपन पेमेंट करने की झंझट नहीं। बस बोलिए, 'मेरा साप्ताहिक किराना मंगवा दो' और एआई बाकी सब कर देगा।

**पर्सनलाइजेशन-** एआई आपकी शॉपिंग हिस्ट्री, पसंदीदा ब्रांड, बजट आदि देखकर सुझाव देगा। इसके साथ ही पेमेंट के लिए यूपीआई की मदद से आप पहले से भुगतान की सीमा भी तय कर सकते हैं।